


NYC HEALTH + HOSPITALS

# COVID-19 टीके बच्चे के लिए

## माता-पिता और देखभाल करने वालों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**मेरे बच्चे को COVID-19 टीका क्यों लगवाना चाहिए?**

COVID-19 बच्चे में खतरनाक हो सकता है और उन्हें बहुत बीमार कर सकता है। जो बच्चे बहुत बीमार पड़ते हैं, उन्हें अस्पताल में देखभाल की आवश्यकता हो सकती है या लंबे समय तक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं, जैसे मांसपेशियों में दर्द या सांस लेने में परेशानी और यहां तक कि मृत्यु भी हो सकती है। COVID-19 संयुक्त राज्य में बच्चे में मृत्यु के शीर्ष 10 कारणों में से एक है। अपने बच्चे को COVID-19 से सुरक्षा का सबसे अच्छा तरीका उन्हें टीका लगाना है।

यह टीका सुरक्षित और 5 से 11 वर्ष की आयु के बच्चे में COVID-19 से होने वाली बीमारी को रोकने में अत्यधिक प्रभावी है। वैक्सीन लगवाने वाले बच्चे में संक्रमित होने और उनके माध्यम से COVID-19 के फैलने की संभावना कम होती है। COVID-19 के खिलाफ अपने बच्चे का टीकाकरण कराने से आपके परिवार और समुदाय की सुरक्षा करने में भी मदद मिलती है।

**क्या COVID-19 टीका छोटे बच्चे के लिए सुरक्षित है?**

हाँ! COVID-19 वैक्सीन का परीक्षण 5 से 11 साल की उम्र के हजारों बच्चों में किया गया था, और यह बहुत ही सुरक्षित और प्रभावी है। इनमें से किसी भी बच्चे पर गंभीर दुष्प्रभाव नहीं हुए हैं। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (Food and Drug Administration) ने परीक्षण प्रक्रिया पर बारीकी से नजर रखा है। COVID-19 वैक्सीन लगवाने वाले बच्चे में किसी भी सुरक्षा संबंधी चिंताओं के लिए रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (Centers for Disease Control and Prevention) और अन्य विशेषज्ञ अभी भी सावधानीपूर्वक नजर रख रहे हैं।

**मेरे बच्चे का पूरी तरह से टीकाकरण होने के लिए COVID-19 वैक्सीन की कितनी खुराक लगवाने की आवश्यकता है?**

COVID-19 वैक्सीन का परीक्षण तीन सप्ताह के दिए गए दो खुराक के साथ 5 से 11 वर्ष की आयु के बच्चे में किया गया। आपके बच्चे को दूसरी खुराक के दो सप्ताह बाद पूरी तरह से टीकाकरण होगया माना जाता है।

**क्या 5 से 11 साल के बच्चे के लिए COVID-19 वैक्सीन दूसरों के लिए वैक्सीन के समान है?**

5 से 11 वर्ष की आयु के बच्चे के लिए Pfizer COVID-19 वैक्सीन की मात्रा 10 माइक्रोग्राम है, जो किशोर और प्रौढ़ के लिए खुराक का एक तिहाई है। शोधकर्ताओं ने पाया कि इस कम खुराक से छोटे बच्चे में कम दुष्प्रभाव हुए और यह उच्च खुराक के समान ही COVID-19 को रोकने में कारगर रहा।

**क्या मेरे बच्चे को COVID-19 वैक्सीन से दुष्प्रभाव होंगे?**

5 से 11 वर्ष की आयु के बच्चे में COVID-19 वैक्सीन के दुष्प्रभाव आमतौर पर हल्के होते हैं। वे किशोर और प्रौढ़ में साइड इफेक्ट्स के समान सामान्य या असुविधाजनक नहीं होते हैं। टीका लगवाते समय बच्चे को थोडा दर्द महसूस हो सकता है, जैसे कि कोई भी अन्य वैक्सीन लगवाने से होता है। बाद में, उन्हें हाथ में दर्द हो सकता है और थकान महसूस हो सकती है या बदन दर्द हो सकता है, सिरदर्द हो सकता है या बुखार आ सकता है। ये सभी संकेत हैं कि उनका शरीर COVID-19 से सुरक्षा उत्पन्न कर रहा है। साइड इफेक्ट आमतौर पर एक या दो दिनों के बाद समाप्त हो जाते हैं।

जारी रहेगा ▶

**क्या मेरे बच्चे को COVID-19 वैक्सीन लगने के बाद दिल की समस्या जैसी किसी स्वास्थ्य समस्या पैदा होने का खतरा होगा?**

इस बात का कोई सबूत नहीं है कि COVID-19 वैक्सीन दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है। COVID-19 वैक्सीन लगवाने वाले 5 से 11 साल के बच्चे में दिल के सूजन के खतरे की संभावना बहुत कम हो सकती है, लेकिन 5 से 11 वर्ष की आयु के बच्चे में नैदानिक परीक्षण में हृदय की सूजन के कोई मामले सामने नहीं आये थे। 12 से 17 वर्ष की आयु के किशोरों में कुछ मामले जरूर देखे गए थे, लेकिन अधिकांश बहुत हल्के थे और पर्चे वाली दवा लेने और आराम करने से उनमें सुधार हो गया था। वास्तव में, आपके बच्चे के COVID-19 के वायरस के कारण बीमार होने की स्थिति में हृदय की दीर्घकालिक समस्याओं का खतरा बहुत अधिक होता है।

**क्या COVID-19 वैक्सीन मेरे बच्चे की प्रजनन क्षमता को प्रभावित करेगा?**

इस बात का कोई सबूत नहीं है कि COVID-19 वैक्सीन प्रजनन संबंधी समस्याएं पैदा कर सकता है। रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र और अन्य स्वास्थ्य विशेषज्ञों का सुझाव है कि जो लोग बच्चे पैदा करना चाहते हैं, उन्हें टीकाकरण करवाना चाहिए।

**मेरे बच्चे को पहले ही COVID-19 हो चुका था और अब वह बेहतर है। क्या मुझे अभी भी उसका टीकाकरण करवाना चाहिए?**

COVID-19 वैक्सीन की सिफारिश सभी पात्र बच्चे के लिए की जाती है, भले ही उनको COVID-19 हो चुका हो। शोध से पता चलता है कि पूरी तरह से टीकाकरण कराए हुए लोगों का COVID-19 से उबर चुके लोगों की तुलना में बेहतर बचाव होता है। हमें यह भी नहीं पता है कि इससे उबरने के बाद COVID-19 से सुरक्षा कब तक रहती है। अपने बच्चे का टीकाकरण करना उन्हें फिर से COVID-19 से सुरक्षा का सबसे अच्छा तरीका है।

**मेरा बच्चा जल्द ही 12 साल का हो रहा है। क्या मुझे उसे उच्च खुराक वाला टीका लगवाने के लिए इंतजार करना चाहिए?**

हम आपके बच्चे को यथाशीघ्र टीकाकरण करवाने की सलाह देते हैं।

**जब मेरे बच्चे को पहली खुराक दी गई थी तब वह 11 साल का था, दूसरी खुराक लगवाने से पहले वह 12 साल का हो जाता है, तो क्या उन्हें उच्च खुराक लगाई जाएगी?**

हाँ। वैक्सीन की खुराक टीका लगने के समय आपके बच्चे की उम्र के आधार पर होगी। लेकिन कम खुराक चुनने के साथ लचीलापन है।

**क्या मेरे बच्चे को COVID-19 वैक्सीन अन्य टीके जैसे फ्लू शॉट लगाने के समय ही लगाया जा सकता है?**

हाँ। रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र COVID-19 वैक्सीन और अन्य टीके एक ही साथ लगवाने की सिफारिश करता है-जिसमें फ्लू शॉट भी शामिल है। टीकों के बीच इंतजार करने की कोई जरूरत नहीं है।

**क्या मेरे बच्चे को पूरी तरह टीका लगने के बाद भी COVID-19 हो सकता है?**

यदि आपका बच्चा पूरी तरह से टीकाकरण के बाद COVID-19 के वायरस के संपर्क में आता है, तो उसके संक्रमित होने की थोड़ी संभावना हो सकती है। हालांकि, यह टीका बीमारी की रोकथाम, अस्पताल में देखभाल की आवश्यकता, दीर्घकालिक जटिलताओं और मृत्यु के मामले में अत्यधिक प्रभावी है। आपके बच्चे को टीका लगने पर उसके माध्यम से वायरस फैलने की संभावना भी कम होगी।

**क्या मेरे बच्चे को स्कूल जाने के लिए COVID-19 वैक्सीन लगा होना आवश्यक है?**

हम आपके बच्चे को और उनके सहपाठियों को स्वस्थ रखने के लिए अपने बच्चे को COVID-19 के खिलाफ टीकाकरण कराने की पुरजोर सलाह देते हैं। अभी, सरकारी स्कूलों में जाने के लिए टीके लगवाना आवश्यक नहीं है। निजी स्कूलों, डे केयर और कैंपों में जाने के लिए यह आवश्यक हो सकता है, इसलिए अपने प्रदाता से मिलकर पता करना सबसे अच्छा है। COVID-19 वैक्सीन लगवाने से आपके बच्चे का कक्षा में रहना, आफ़्टरस्कूल क्रियाओं और खेलों में भाग लेना, और मित्र के साथ मिलना-जुलना सुरक्षित हो जाएगा।

**मेरे बच्चे की प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर है। क्या COVID-19 वैक्सीन सुरक्षा करेगा?**

रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र में कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों के लिए टीका लगवाने की सिफारिश की जाती है क्योंकि COVID-19 के संपर्क में आने होने पर उनके बीमार होने की संभावना अधिक होती है। टीका लगने के बाद भी कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों को टीका लगवाने वाले अन्य लोगों की तुलना में कम सुरक्षा मिलती है। जब किसी समुदाय के अधिक लोगों को टीका लगाया जा चुका होता है, तो कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों और बच्चों का COVID-19 से बेहतर बचाव होता है। यही कारण है कि यथासंभव अधिक से अधिक New York वासियों द्वारा टीकाकरण कराना महत्वपूर्ण है।

**मैं अपने बच्चे को COVID-19 वैक्सीन कैसे लगवा सकती हूँ?**

आपके बच्चे को COVID-19 वैक्सीन लगवाने के कुछ तरीके निम्नलिखित हैं। आप निम्नलिखित के द्वारा अपॉइंटमेंट ले सकते हैं:

+ अपने बाल चिकित्सक को कॉल करना
+ 1-877-VAX-4NYC (1-877-829-4692) पर कॉल करना
+ NYC Vaccine Finder (NYC वैक्सीन फाइंडर) का उपयोग करने के लिए vaccinefinder.nyc.gov पर जाना, जिसमें फार्मेसियां, आसपास के स्वास्थ्य केंद्र, शहर में चलने वाले वैक्सीन क्लीनिक और मोबाइल वैक्सीन वैन और बसें शामिल हैं।
+ forms.cityofnewyork.us/f/home पर घर पर टीकाकरण का अनुरोध करना

जारी रहेगा ▶

बच्चो के वैक्सीनेशन के लिए नियुक्तियों को प्रोत्साहित किया जाता है। सीमित वॉक-इन स्वीकार किए जाते हैं। कृपया अपने बच्चे को वैक्सीन लगवाने के लिए covid19.nychealthandhospitals.org/COVIDVaxEligibility पर अपॉइंटमेंट लें और अगर आपको बच्चो के वैक्सीन की उपलब्धता के बारे में कोई प्रश्न पूछना है, तो हमारे किसी एक अस्पताल से संपर्क करें।

8 नवंबर से NYC पब्लिक स्कूलों में 5 से 11 साल की उम्र के बच्चे को COVID-19 वैक्सीन लगाने की शुरुआत की जा रही है। स्थानों और तिथियों के बारे में जानकारी के लिए bit.ly/NYCDOEVaccines देखें।

**यदि मेरे बच्चे को COVID-19 वैक्सीन लगाई जा चुकी है, तो क्या उसे अभी भी स्कूल में मास्क पहनना जरूरी है?**

NYC पब्लिक स्कूलों के छात्रों को अभी भी स्कूल में मास्क पहनना होगा, भले ही उन्हें वैक्सीन लगाई जा चुकी हो। निजी स्कूलों की नीतियां अलग -अलग हो सकती हैं; अपने बच्चे के स्कूल में पता करें।

NYC HEALTH+ HOSPITALS

Published: 11/22/2021
Hindi